हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 26 जुलाई 2025

10 मुख्य प्रशासक ने नारनौल से काठुवास तक किया निरीक्षण



11 यूथ पार्लियामेंट : सत्ता पक्ष और विपक्ष के तीखी नोक झोंक



॥ तमसो मा ज्योतिर्गमय ॥
MR DEGREE COLLEGE
Affiliated to Indira Gandhi University, Meerpur (Rewari)
GET UPTO 100% SCHOLARSHIP
COURSE AVAILABLE
B.SC. (Medical) / B.SC. (Non-Medical)
B.A. / B.COM / M.SC. (Phy. & Chem.)
B.Ed. / JBT / D-PHARMA
ADMISSION OPEN
Session 2025-26
For Admission Visit College Campus
Bus Facility Available From All Routes
MITTERPURA (M/GARH) HRY.
9466886066, 9416903367, 9416903021
mrcollegemitterpura@gmail.com

**पूर्व सिंचाई मंत्री ने सीएम को लिखा पत्र, मेडिकल कॉलेज में राजनीति की बजाय उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सुविधाएं हो उपलब्ध**

# खत्म होने का नाम नहीं ले रहा मेडिकल कॉलेज का मुद्दा, पूर्व मंत्री ने राव इन्द्रजीत और उनकी बेटी पर फिर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज में चल रही वर्तमान हालातों को देखते हुए पूर्व सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव ने मुख्यमंत्री हरियाणा को एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने निवेदन किया है कि इस मेडिकल कॉलेज को राजनीति से बाहर निकालकर इसमें सुपर स्पेशलिटी डॉक्टरों की अविलंब भर्ती करके क्षेत्र के लोगों को उच्च गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाएं। उन्होंनें प्रेस विज्ञप्ति में यह भी लिखा कि ऋषि-महर्षि और शहीद दोनों ही समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनकी यादगारों को आपसी विवादों में उलझाना अथवा उन पर राजनीतिक दादागिरी करना उन महान आत्माओं को पीड़ा देने वाला होगा। ऐसे में सीधे तौर पर डा. अभय सिंह यादव ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व उनकी बेटी स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का बिना नाम लिए फिर से हमला बोला है। उन्होंने लिखा है कि इस कॉलेज से क्षेत्र के लोगों की अपेक्षाएं एवं भावनाएं जुड़ी हुई हैं। वर्षों बाद क्षेत्र के लोगों को उम्मीद जगी थी कि उन्हें जयपुर, गुरूग्राम एवं दिल्ली जैसे दूरस्थ स्थानों पर इलाज के लिए भागने की बजाय घर के नज़दीक उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी, परंतु दुर्भाग्यवश इस मेडिकल कॉलेज को राजनीति का शिकार बनाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से लिखा है कि ऐसी संस्थाएं क्षेत्र के लोगों को इलाज की सुविधाएं प्रदान करने के लिए होती हैं राजनीति के लिए नहीं।

डॉक्टर यादव ने प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि बड़ी लंबी इंतज़ार और सतत प्रयास व परिश्रम से यह संस्था अस्तित्व में आई है। कोरियावास गांव के प्रति यह समस्त क्षेत्र आभार व्यक्त करता है कि उनके द्वारा स्वेच्छा और सद्भाव से दिए गए 80 एकड़ के विशाल भूखंड पर 700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से यह संस्था बनी, परंतु दुर्भाग्यवश यह संस्था प्रारंभ में ही राजनीति का शिकार हो रही है। ऐसी राजनीति ऐसी संस्थाओं को बर्बाद करने के अलावा क्षेत्र का कोई भला नहीं कर सकती। ऐसी संस्थाएं कभी कभार बना करती हैं और ऐसी संस्थाओं की बर्बादी पूरे क्षेत्र के हितों की बर्बादी होती है। यह संस्थाएं क्षेत्र के व्यापक हितों के लिए बनाई जाती हैं, किसी की व्यक्तिगत राजनीति की स्वार्थसिद्धि के लिए नहीं। अतः इस क्षेत्र के लोगों को इस बात पर विचार करना होगा कि यह संस्थाएं किसी व्यक्ति विशेष की ज़िम्मेवारी नहीं हैं, अपितु समस्त समाज की जिम्मेवारी हैं। इन्हें बचाने और आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भी सामूहिक है।

**पराक्रम स्थल नसीबपुर का निर्माण कर 'राव तुलाराम शहीद स्मारक' रहे नाम**



इसके साथ ही डॉक्टर अभय सिंह यादव ने मुख्यमंत्री को अपने पूर्व में लिखे पत्र के संदर्भ में कहा कि शहीद राव तुलाराम के पराक्रम स्थल नसीबपुर में एक भव्य शहीद स्मारक का अविलंब निर्माण प्रारंभ किया जाए, जो भव्य, बहुआयामी एवं बहुउद्देशीय हो। इसका नाम "राव तुलाराम शहीद स्मारक" रखा जाए तथा इस स्मारक में सन 1857 से लेकर अब तक हुए सभी शहीदों की स्मृति दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि ऋषि-महर्षि और शहीद दोनों ही समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनकी यादगारों को आपसी विवादों में उलझाना अथवा उन पर राजनीतिक दादागिरी करना उन महान आत्माओं को पीड़ा देने वाला होगा। डॉक्टर यादव ने कहा कि सामाजिक सद्भाव और सौहार्द ही एक समरस समाज का निर्माण करता है और इसके लिए प्रयास करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अतः व्यक्तिगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी को मिलकर इस मेडिकल कॉलेज को गुणवत्ता की उच्चतम सीमा तक विकसित करने के लिए प्रयास करने चाहिए ताकि समस्त क्षेत्र इसकी उपयोगिता से लाभान्वित हो सकें।

**खबर संक्षेप**

**प्रदेश अध्यक्ष का महेंद्रगढ़ आगमन आज**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा व्यापार मंडल की बैठक आज आयोजित की जाएगी। हरियाणा व्यापार मंडल प्रधान सुनील अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष विजय लक्ष्मी चंद गुप्ता महेंद्रगढ़ आएंगे। उनके साथ अनेक प्रदेश के व्यापार मंडल पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में विधायक कंवर सिंह यादव उनके साथ रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा प्रदेश के महासचिव महेश जोशी भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करने के लिए एकजुटता का परिचय देंगे।

**अवैध हथियार के साथ एक और आरोपी पकड़ा**

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जों को अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सीआईए पुलिस टीम ने अवैध हथियार के साथ एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। सीआईए टीम ने थाना सदर नारनौल क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित जोगेंद्र वासी रामबास को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया था, आरोपित से एक देसी कट्टा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया था।

## जिले में 15 लोकेशन से दादरी, रेवाड़ी के लिए रवाना होंगी बसें

# आज सीईटी परीक्षा : 10-10 बाइकों का भी इंतजाम, ठहराव फ्री

- शटल बसों के अलावा 10-10 बाइकों का भी इंतजाम, ठहरने के लिए धर्मशाला, कम्युनिटी सेंटर व रेन बसेरे रहेंगे फ्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शनिवार और रविवार को होने वाली सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी-2025) को लेकर जिला प्रशासन ने सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली हैं। सरकार के निर्देश अनुसार परीक्षार्थीयों के लिए सभी प्रकार की सुविधाओं के तमाम इंतजाम किए गए हैं। इन्हीं तैयारी की समीक्षा करने के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव वी राजा शेखर वुंडरू ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों की बैठक ली।

इसके बाद हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य साधुराम जाखड़ ने अधिकारियों के साथ बैठकर सीईट परीक्षा के संबंध में मंत्रणा की। बैठक के बाद उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ से 70072 परीक्षार्थी चरखी दादरी तथा रेवाड़ी के लिए परीक्षा देने के लिए जाएंगे। इसी प्रकार भिवानी तथा चरखी दादरी से इस जिला में 80148 परीक्षार्थी सीईटी परीक्षा देने के लिए आएंगे।

बाहर जाने वाले यात्रियों के लिए 600 बसों की व्यवस्था की गई है। बाहर से यहां आने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए महेंद्रगढ़ में बदरवाल सिटी तथा नारनौल में नई अनाज मंडी में अस्थाई बस स्टैंड बनाया गया है जहां से शटल बसें केंद्र तक परीक्षार्थियों को पहुंचाएंगे। सेंट्रल यूनिवर्सिटी हरियाणा के गेट पर भी व वहां के केंद्रों पर जाने के लिए शटल बसें चलेंगी।

अधिक भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में इमरजेंसी के दौरान परीक्षार्थी को पहुंचाने के लिए मोटरसाइकिलों की व्यवस्था भी की गई है। प्रत्येक अस्थाई बस स्टैंड पर 10-10 मोटरसाइकिल राइडर सहित तैनात रहेंगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर चिकित्सकों की भी ड्यूटी लगाई गई है ताकि परीक्षार्थियों को तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाई जा सके।

एक दिन पहले पहुंचने वाले परीक्षार्थियों के लिए सभी धर्मशाला तथा रैन बसेरे फ्री में उपलब्ध रहेंगे। परीक्षा के लिए जिला महेंद्रगढ़ में 34 लोकेशन पर 72 केंद्र बनाए गए हैं।

परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। जिला में 68 ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। इस बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद रही जिन्होंने परीक्षा के दौरान सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी।

## महेंद्रगढ़ में बनाए गए 37 परीक्षा केंद्र

राजकीय महिला महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय, मॉडल संस्कृति स्कूल, केडी कॉलेज, श्रीकृष्णा स्कूल, संस्कार भारती कॉलेज, केंद्रीय विश्वविद्यालय, सूरज स्कूल, यदुवंशी स्कूल, टैगोर स्कूल, सरबती स्कूल, सरस्वती स्कूल, हैप्पी स्कूल, आरपीएस स्कूल बलाना व आरपीएस स्कूल खातोद में परीक्षा केंद्र बनाए गए है।

***अभ्यर्थियों के लिए 11 स्थानों पर होगी ठहरने की निःशुल्क व्यवस्थाः*** जिन अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर रुकने की आवश्यकता होगी। उनके लिए महेंद्रगढ़ में 11 स्थानों पर निःशुल्क रुकने की सुविधा की गई है। यहां कुल 500 अभ्यर्थी एक साथ रुक सकेंगे। अभ्यर्थियों के लिए यादव सभा, कमला भवन सब्जी मंडी, सेठ गोरीदत्त ख्यालीराम धर्मशाला शंकर कॉलोनी, पुरानी रामलीला मोहल्ला काली का टिब्बा, लाला बंशीधर जयनारायण धर्मशाला शंकर कॉलोनी, अंबेड़कर भवन नियर पीर मंदिर, सैन धर्मशाला नियर पीर मंदिर, बाबा जयरामदास भवन मोहल्ला कुमराहन, पंजाबी धर्मशाला मोहल्ला जवाहरनगर, प्रजापत धर्मशाला मोहल्ला कुमराहन व सेठ मंगतराम धर्मशाला में अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क रूकने की व्यवस्था होगी।



नारनौल। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती एसपी पूजा वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

**कंट्रोल रूम में डीएसडब्ल्यूओ अमित शर्मा होंगे इंचार्ज**

सीईटी परीक्षार्थियों के दौरान जिला प्रशासन की ओर से लघु सचिवालय में कमरा नंबर 118 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा को कंट्रोल रूम का इंचार्ज बनाया गया है। परीक्षाओं के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी तथा सहायता के लिए नागरिक 01282-256960 पर डायल कर सकते हैं। अगर यह नंबर लगातार व्यस्त रहता है तो परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए कई अन्य नंबर भी जारी किए गए हैं। कोई भी नागरिक 01282-251206, 01282-254000 पर भी बात कर सकते हैं। इसके अलावा महेंद्रगढ़ के लिए 01285-220228 पर भी बात कर सकते हैं।

- *पेनः* एचएसएससी परीक्षा के दौरान आपको नीला/काला बॉल प्वाइंट पेन प्रदान करेगा। आपको अपना खुद का पेन लाने की अनुमति नहीं है।
- *समय का पालनः* आपको अपने प्रवेश पत्र में आवंटित तिथि और समय पर ही परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा।
- *शौचालय/वॉशरूमः* परीक्षा के पहले और आखिरी तीस मिनट के दौरान शौचालय जाने की अनुमति नहीं है।
- *परीक्षा हॉल छोड़नाः* परीक्षा समाप्त होने से पहले आपको परीक्षा हॉल छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
- *वेबसाइट जांचेंः* अपडेट के लिए नियमित रूप से एचएसएससी वेबसाइट (www.hssc.gov.in ), अपने पंजीकृत ईमेल और मोबाइल एसएमएस की जांच करते रहें।
- *परीक्षा केंद्र में निषिद्ध वस्तुएं :* आपको परीक्षा केंद्र में कोई भी मोबाइल फोन, घड़ी, बेल्ट, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, पेन, पेंसिल, इरेज़र, शार्पनर, करेक्टिंग फ्लूइड, या किसी भी प्रकार के गहने (जैसे अंगूठी, चेन, बाली, नाक की पिन, चूड़ियां/कंगन, हार, आकर्षण, कड़ा) नहीं ले जाना चाहिए या पहनना चाहिए।
- *पोशाक और गहनेः* तलाशी में लगने वाले समय से बचने के लिए आभूषण पहनने से बचें। यदि धार्मिक कारणों से विशेष पोशाक पहननी है, तो जल्दी पहुंचें क्योंकि तलाशी में अधिक समय लग सकता है।
- *आवश्यक दस्तावेजः* आपको अपने प्रवेश पत्र की रंगीन प्रिंटेड कॉपी (A4 आकार के सफेद कागज पर दोनों तरफ मुद्रित), प्रवेश पत्र पर चिपकाई गई नवीनतम रंगीन फोटो, और एक मूल फोटो पहचान पत्र (जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट) लाना होगा। मोबाइल फोन में फोटोकॉपी/स्कैन की गई प्रतियां स्वीकार्य नहीं हैं।

**परीक्षा के दौरान कोचिंग सेंटरों के संचालन पर रहेगी पाबंदी**

जिलाधीश डॉ विवेक भारती ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जिला में 26 व 27 जुलाई को सीईटी परीक्षा अवधि के दौरान सभी कोचिंग सेंटरों के संचालन पर पाबंदी लगाई है।

# गांव-गांव साइकिल पर जाकर युवाओं को नशे के प्रति कर रहे जागरूक

- एनसीबी पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशा-निर्देश पर हरियाणा में चलाया जा रहा नशे के विरुद्ध अभियान
- नारनौल में लोटे में नमक डालकर युवाओं ने नशे को कही न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

पुलिस महकमा की ओर से नशे के विरुद्ध निरंतर जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस कड़ी में बीते दिन ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक गजेंद्र कुमार के आदेश से नारनौल में नशे के विरुद्ध विशेष अभियान आयोजित किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल चलाकर नारनौल पहुंचे। वे हरियाणा के गांव-गांव में साइकिल पर जाकर नशे के विरुद्ध अभियान चला रहे हैं। उन्होंने रेवाड़ी से नारनौल 56 किलोमीटर साइकिल चलाकर नशे के विरुद्ध सन्देश दिया। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को एकत्रित कर उपस्थित जनसाधारण को सम्बोधित करते हुए बताया कि ब्यूरो हरियाणा में दो प्रकार से कार्य करता है। प्रथम अपराधियों को सलाखों तक पहुंचाना और दूसरा जागरूकता के माध्यम से नशा मुक्त समाज का निर्माण करना।

उन्होंने बताया कि ब्यूरो द्वारा वर्ष 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5930 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है जबकि वर्ष 2024 में 3330 अभियोगों में 5328 नशा तस्करों को सलाखों का मार्ग दिखाया गया है। इस वर्ष जनवरी से जून तक 1858 अभियोग अंकित करके 3051 अपराधियों को कारागार तक पहुंचाया गया है। इतना ही नहीं, इस वर्ष नशा तस्करी में संलिप्त 87 लाख की संपत्ति जब्त की गई है। उन्होंने आगे बताया कि दूसरा कार्य जागरूकता का किया जा रहा है ताकि कोई व्यक्ति नशे की दलदल में न चला जाए। इसीलिए जागरूकता अति आवश्यक है। उन्होंने कहा भारत को ड्रग फ्री करने के लिए सरकार ने 1933 अथवा एनसीबी एमएएनएएस पोर्टल अथवा हरियाणा के लिए 9050891508 जारी किया है। इस पर कोई भी व्यक्ति नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर सच्चे नागरिक का कर्तव्य निर्वहन कर सकता है। उन्होंने युवाओं से लौटे में नमक डालकर नशा न करने का वचन लिया।



नारनौल। साइकिल पर चलते उप निरीक्षक डा. अशोक कुमार वर्मा। फोटो : हरीभूमि

**21 सदस्यों की गठित कमेटी सीएम से करेगी मुलाकात**

# एसडीएम का तबादला रोकने की मांग, निकाला रोष मार्च

- वीरवार को महेंद्रगढ़ के एसडीएम अनिल कुमार का हो गया था तबादला, शहर के लोग एसडीएम की कार्यशैली से थे प्रभावित
- विभिन्न सामाजिक संगठन के सदस्यों ने लिया रोष प्रदर्शन में हिस्सा, विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से एसडीएम अनिल कुमार का तबादला रूकवाने की मांग को लेकर शहर में रोष मार्च निकाला गया। रोष मार्च शहर के राव तुलाराम चौक से शुरू होकर विधायक के आवास पर समाप्त हुआ। सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर एसडीएम का तबादला रूकवाने की मांग की। इस दौरान निर्णय लिया गया कि अगर एसडीएम का तबादला रद्द नहीं होता है तो गठित की गई कमेटी मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगी।

एसडीएम अनिल कुमार का हाल ही में तबादला कर दिया गया था, जिसे लेकर नागरिकों में नाराजगी देखने को मिली। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अनिल कुमार एक ईमानदार, जनहितैषी और सक्रिय अधिकारी रहे हैं। उनकी कार्यशैली से शहरवासी काफी प्रभावित थे। उन्होंने सरकार से मांग की है कि ऐसे कर्मठ अधिकारियों को उनकी कार्यस्थली पर ही सेवा का अवसर दिया जाए ताकि जनता को बेहतर प्रशासन मिल सके। एसडीएम अनिल कुमार की कार्यशैली जनता के हित में रही है। उन्होंने पारदर्शी प्रशासन, तेज फैसले और जनसुविधाओं को प्राथमिकता देकर जन-जन का विश्वास अर्जित किया था। नागरिकों ने उनके तबादले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की। यादव सभा के प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव, पूर्व सैनिक संघ के प्रधान रामस्वरूप सिंह व समाजसेवी रामनिवास पाटोदा ने कहा कि एसडीएम ने पांच महीनों में वह काम कर दिए जो पिछले 35-40 वर्षों में नहीं हुए। शहर से अतिक्रमण हटवाना हो या स्कूलों और सरकारी दफ्तरों की व्यवस्था सुधारनी हो, हर क्षेत्र में उन्होंने ईमानदारी से काम किया। अनहद फाउंडेशन की अध्यक्ष शैलजा यादव ने कहा कि महेंद्रगढ़ हमेशा से पिछड़ा माना जाता रहा है, लेकिन जब कोई अधिकारी अच्छा काम करता है तो उसका तबादला कर दिया जाता है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बलवान फौजी ने कहा कि यह पूरे क्षेत्र के लोगों की मांग है। एसडीएम ने पांच माह के कार्यकाल के दौरान काफी जनहित के कार्य किए है। इसलिए विधायक कंवर सिंह यादव को रूचि लेनी चाहिए। अगर विधायक मुख्यमंत्री के समक्ष इस मांग को उठाते है तो उनकी मांग को जरूर पूरा किया जाएगा।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एसडीएम का तबादला नहीं रोका गया तो विधायक के आवास के बाहर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि लोगों की मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। उन्हें पूरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इन बातों पर ध्यान देंगे और विचार करके उचित कार्रवाई करेंगे। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा, अनहद शक्ति फाउंडेशन, आर्य समाज, यादव सभा, यादव कॉलोनी, बालाजी संगठन, पूर्व सैनिक संघ व विभिन्न गांवों के ग्रामीण मौजूद थे।



महेंद्रगढ़। शहर में प्रदर्शन करते विभिन्न सामाजिक संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि



महेंद्रगढ़। विधायक को ज्ञापन सौंपती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### भोजावास में अटेली रोड पर भंडारे का आयोजित

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव भोजावास में अटेली रोड स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक कार्यालय पर भंडारे का आयोजन किया गया। एडवोकेट हरिश कौशिक ने बताया कि सावन महीने में भूखे को भोजन कराने से पुण्य तो मिलने के साथ ही आत्मिक संतुष्टि भी होती है। भंडारे में सभी दुकानदारों के सहयोग से विशेषकर स्वादिष्ट खीर व हल्वा का प्रसाद बनाकर राहगीरों एवं आस पास के ग्रामीणो को खिलाकर शीतल जल भी पिलाया है।

### यशदीप ने प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की नेट परीक्षा

**नारनौल।** जिला मुख्यालय के समीप के ग्राम ढाणी फैजाबाद के यशदीप ने प्रबन्धन विषय में नेट की परीक्षा अपने प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण की है। यशदीप के पिता विज्ञान अध्यापक मुकेश कुमार ने बताया कि यशदीप ने अपनी बीएससी एलपीयू विश्वविद्यालय से 75 प्रतिशत अंक लेकर, एमबीए प्रबंधन राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर से 79 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण की।

### शतरंज प्रतियोगिता में चली शानदार चालें

**नारनौल।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा के तत्वावधान में शिक्षा विभाग की ओर से में वीरवर को विश्व शतरंज दिवस पर शिक्षक (पुरुष एवं महिला वर्गों में अलग-अलग) की जिला स्तर पर शतरंज प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति माध्यमिक विध्यालय नसीबपुर में करवाया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों में रणनीतिक सोच, मानसिक अनुशासन एवं खेल भावना को बढ़ावा देना है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की समग्र विकास की दृष्टि के अनुरूप है।26 जिला स्तर पर आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में जिले से 45 शिक्षको ने भाग लिया।

### हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया

**मंडी अटेली।** हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर में शुक्रवार को हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य अनूप कुमार ने बताया कि इस धार्मिक पर्व पर स्कूल के विभिन्न बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया है। जिसमें राखी प्रतियोगिता ,पतंग बनाओ प्रतियोगिता ,झूला झूलो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### विकास ने लॉ विषय में किया नेट क्वालिफाई

**नांगल चौधरी।** ढाणी बानिया निवासी विकास यादव पुत्र सुभाषचंद ने लॉ विषय में नेट क्वालीफाई करके गांव का नाम रोशन किया है। मेधावी छात्र को विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। बबबू यादव व संदीप यादव ने बताया कि विकास ने महर्षि दयानंद युनिवर्सिटी रोहतक से साईंस विषय से स्नात्तक उतीर्ण की थी। इसके बाद दिल्ली युनिवर्सिटी से एलएलबी तथा सेंट्रल विश्वविद्यालय पाली से एलएलएम डिग्री हांसिल की। नेट की परीक्षा में सम्मलित हुए तथा पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त की।

## ठेकेदार को समय पर ट्रैक के दोहरीकरण के काम को पूरा करने की चेतावनी दी

# जयपुर रेल मंडल के मुख्य प्रशासक ने नारनौल से काठुवास तक रेलवे ट्रैक का किया निरीक्षण

अंडर पास 30 नंबर से 29 तक राजीव श्रीवास्तव व उनकी टीम के द्वारा दो किलोमीटर पैदल चलकर रेल दोहरीकरण के कार्य का निरीक्षण किया गया।



**मंडी अटेली।** मुख्य प्रशासक अटेली में दोहरीकरण के कार्य का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मंडी अटेली

जयपुर रेल मंडल के मुख्य प्रशासक निर्माण राजीव श्रीवास्तव ने काठुवास से नारनौल के बीच चल रहे रेल दोहरीकरण के कार्य का जायजा लिया। जिसमें ठेकेदार के द्वारा समय पर काम में करने के लिए उसकी चेतावनी देकर काम जल्द से जल्द पूरा करने के लिए बोला है। शुक्रवार दिन की दोपहरी में जयपुर मंडल के निर्माण मुख्य प्रशासन राजीव श्रीवास्तव सबसे पहले नारनौल रेलवे स्टेशन रेल दोहरीकरण के कार्य का जायजा लिया गया। जिसमें उनके साथ जयपुर मंडल के निर्माण से संबंधित सभी उच्च अधिकारी शामिल थे। नारनौल निरीक्षण के बाद मिर्जापुर बाछौद चल रहे कार्यों की व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई। उसके बाद अटेली के रेलवे स्टेशन पहुंचे स्टेशन से एक किलोमीटर की दूरी पहले अंडरपास 30 नम्बर के पास अपनी गाड़ी निरीक्षण यान को रोक कर रेल लाइन के कार्यों का निरीक्षण किया गया। अंडर पास 30 नंबर से 29 तक राजीव श्रीवास्तव व उनकी टीम के द्वारा दो किलोमीटर पैदल चलकर रेल दोहरीकरण के कार्य का निरीक्षण किया गया। अंडरपास 29 के पास लोगों के द्वारा चार-चार ट्रैक पार करके पुरानी मंडी की तरफ आते जाते हैं लोग जिससे आए दिन दुर्घटना की संभावना बनी हुई रहती है इसके लिए चारदीवारी का निर्माण किया जाए ताकि भविष्य में कोई दुर्घटना ना हो आम लोग रेल ट्रैक ऊपर से जाने की बजाय वह अंडरपास का प्रयोग करें। बरसात के दिनों में अंडरपास में पानी भर जाने की वजह से हफ्ते भर तक अंडरपास में पानी जमा रहता है अंडरपास के पानी निकासी की व्यवस्था व साइड में पटरी आम लोगों के जाने के लिए बनाई जाए।

### अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए

निरीक्षण के दौरान लाइन के इस काम से संबंधित अधिकारियों को भी दिशा निर्देश देते हुए नजर आए। इस दौरान अटेली निर्माण कमेटी के सदस्य सुरेश शर्मा के द्वारा मुख्य प्रशासक को अवगत कराया गया की, जब तक रेल दोहरीकरण के कार्य को लेकर एक नंबर प्लेटफार्म बंद है उस दौरान प्लेटफार्म नंबर दो पर टिकट खिड़की की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए ताकि एक नंबर पर कोई यात्री निर्माण कार्य के बीच में ना आए और दो नंबर प्लेटफार्म के रास्ते के लिए जो रास्ता बना हुआ है उस रास्ते में साफ सफाई करके रास्ता तैयार किया जाए ताकि किसी भी यात्री को जल्दबाजी में टिकट के लिए वह एक नंबर से दो नंबर पर आने में कोई दिक्कत नहीं हो वहीं दो नंबर पर टिकट खिड़की होगी तो उस दौरान दुर्घटना की संभावना भी कम रहेगी।



**नारनौल।** डीआरयूसीसी मेंबर हरमेश कुमार को ज्ञापन सौंपते समाजसेवी अतरलाल। फोटो : हरिभूमि

### कनीना रेलवे स्टेशन की समस्या और मांगों को अधिकारी के समक्ष उठाया, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

उतर पश्चिमी रेलवे बीकानेर मंडल डीआरयूसीसी मेंबर हरमेश कुमार ने भोजावास, कनीना, धनौन्दा पहुंचकर कनीना खास रेलवे स्टेशन की समस्याओं तथा मांगों बारे जानकारी हासिल की। इस अवसर पर प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीआरएम बीकानेर मंडल तथा राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के नाम प्रेषित दो अलग-अलग ज्ञापन उन्हें सौंपे।

ज्ञापन में कहा गया कि कनीना खास रेलवे स्टेशन से होकर अनेक एक्सप्रैस गाड़ियां गुजरती हैं। उनमें से एक भी एक्सप्रैस गाड़ी कनीना खास रेलवे स्टेशन पर नहीं ठहरती। जिससे इलाकावासियों में भारी रोष है। इसलिए दिन में आने वाली दिल्ली-बीकानेर इंटरसिटी एक्सप्रैस गाड़ी नम्बर 22471-22472, दिल्ली से सीकर एक्सप्रैस गाड़ी नम्बर 14713-14714, दिल्ली जोधपुर एक्सप्रैस गाड़ी नम्बर 22421-22422 और रात को आने वाली दिल्ली बीकानेर एक्सप्रैस गाड़ी नम्बर 12457-12458, दिल्ली जोधपुर एक्सप्रैस गाड़ी नम्बर 22481-22482 का ठहराव कनीना खास रेलवे स्टेशन पर तत्काल किया जाए। ज्ञापन में एक नई पेंसजर डीएमयू गाड़ी प्रातः पांच बजे सादुलपुर से वाया कनीना रेवाड़ी दिल्ली से पानीपत तक चलाई जाए और पानीपत में एक घंटे का स्टोपिज करने के बाद वापसी पानीपत से दोपहर एक बजे इसी रूट से सादुलपुर तक चलाने, कनीना खास रेलवे स्टेशन को आदर्श भारत स्टेशन योजना में शामिल करने, कनीना खास स्टेशन पर कैंटीन खोलने की है।

## यदुवंशी कॉलेज में धूमधाम से मनाया तीज पर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

यदुवंशी डिग्री कॉलेज महेंद्रगढ़ में पारंपरिक उत्साह और सांस्कृतिक उमंग के साथ तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। छात्राओं की भागीदारी और रंग बिरंगी प्रस्तुतियों ने इस पर्व को यादगार बना दिया। पूरे कॉलेज परिसर को रंग बिरंगी झालरों फूलों और पारंपरिक सजावट से सजाया गया। पूरी यदुवंशी कॉलेज में हरियाली तीज की खुशबू और सांस्कृतिक पर्व की गुंज सुनाई दी। इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने पारंपरिक पर आधुनिक डिजाइनों से अपने हाथों को सजाया। प्रतियोगिता में रचनात्मक, सुंदरता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इसके साथ ही यदुवंशी कॉलेज में झूला उत्सव का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने सजी-धजी रंग बिरंगी साड़ियो और लहराते दुपट्टों में झूला झूलते हुए हरियाली तीज के पत्तों पर झूमकर सांस्कृतिक उत्सव मनाया। संस्था के चेयरमैन पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा यदुवंशी कॉलेज न केवल शिक्षा का केंद्र है बल्कि यह हमारी संस्कृति और परंपराओं का भी संवाहक है। तीज जैसे त्यौहार हमारे छात्रों को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। यदुवंशी कॉलेज की चेयरपर्सन संगीता यादव ने कहा हरियाली तीज हमारे जीवन में हरियाली, प्रेम और समरसता लाने वाला पर्व है। इस तरह के आयोजन नारी शक्ति और संस्कृति का सुंदर समन्वय है। इस अवसर पर संस्था के वॉइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ प्रदीप यादव, प्राचार्य बबरुभान व यदुवंशी कॉलेज के समस्त स्टाफ ने सभी को बधाई देते विजेताओ को पुरस्कृत किया।

## श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल




**नारनौल।** प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

श्रीकृष्णा स्कूल भुंगारका में शुक्रवार जूनियर व सीनियर वर्ग के बीच विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण कल्चरल एंड फेस्टिवल ऑफ इंडिया के तहत छात्रों ने भारत के विभिन्न त्योहारों और संस्कृतियों को दर्शाने वाली पेंटिंग्स बनाईं। सेव बॉयोडाइवर्सिटी के तहत छात्रों ने पेड़-पौधों और जानवरों की विविधता को दर्शाने वाली पेंटिंग्स बनाईं। स्पेशल एक्टिविटी के तहत छात्रों ने अपनी पसंदीदा गतिविधियों को दर्शाने वाली पेंटिंग्स बनाईं। वहीं डिजिटल इंडिया के तहत छात्रों ने डिजिटल तकनीक और इसके लाभों को दर्शाने वाली पेंटिंग्स बनाईं। सीनियर वर्ग में श्लोगन तथा जुनियर वर्ग में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता प्रतियोगिता कक्षा छठ से 11वीं तक के छात्रों के बीच करवाई गई, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और कल्पना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में चार विषयों पर पेंटिंग बनाई गईं, जिनमें कल्चरल एंड फेस्टिवल ऑफ इंडिया, सेव बॉयोडाइवर्सिटी, स्पेशल एक्टिविटी और डिजिटल इंडिया रही। सीनियर वर्ग से प्रतियोगिता में ईगल हाऊस की छात्रा पलक ने श्लोग्न लेखन में प्रथम स्थान, दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से फाल्कन हाऊस की छात्रा दिव्या एवं कैस्ट्रल हाऊस की छात्रा जयनिश रही तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से छात्रा वंदना कैस्ट्रल हाऊस एवं छात्रा कशिश हॉक हाऊस ने प्राप्त किया।

## बीएनडी स्कूल में हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** बनाई हुई पतंग दिखाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

बीएनडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोदड़ा के किड्जी ब्लॉक में तीज पर्व पर नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों के लिए हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें किड्जी ब्लॉक के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के सभी बच्चे हरे रंग की पोशाक पहनकर आए और रंगा-रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें बच्चों ने भंगड़ा गिद्दा की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए फूलों से सुसज्जित झूला डाला गया जिस पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने झूल कर आनंद लिया। चेयरमैन विजयपाल यादव ने कहा कि तीज का त्यौहार हिंदू महिलाओं का त्यौहार होता है एवं यह हर वर्ष सावन माह के शुक्ल पक्ष में आता है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक इस दिन माता पार्वती भगवान शिवजी को मिली थी। इस दिन पूजा-पाठ करने से दंपति के रिश्तों में मिठास आती है। प्राचार्य हनुमंत शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के उत्सवों से बच्चों को प्रेरणा मिलती है और बच्चे भारतीय संस्कृति से परिचित होते हैं। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर अमित यादव, डायरेक्टर पूनम यादव, उपप्राचार्य दिनेश कुमार, पीजीटी हैड अरविंद, टीजीटी हेड विकास यादव आदि मौजूद रहे।

## महेंद्रगढ़ व कनीना अस्पताल में चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

महेंद्रगढ़ और कनीना के नागरिक अस्पतालों में डॉक्टरों और नर्सों की नियुक्ति की मांग को लेकर शहर के लोगों ने विधानसभा चुनाव लड़ चुके बलवान फौजी के नेतृत्व में एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के कारण किसी की जान जाती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार और विशेषकर स्वास्थ्य मंत्री की होगी। बलवान फौजी ने कहा कि 21 जुलाई को महेंद्रगढ़ नागरिक अस्पताल के 12 चिकित्सक और 16 नर्सों को कोरियावास मेडिकल कॉलेज में डेपुटेशन पर भेज दिया गया, जबकि कनीना अस्पताल के स्टाफ को भी वहीं स्थानांतरित कर दिया गया। यह तब हुआ जब इन अस्पतालों में पहले से ही स्टाफ की भारी कमी है और मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। वहां प्रतिदिन केवल 70 मरीज ही आ रहे हैं। इसके बावजूद अन्य अस्पतालों से स्टाफ हटाया जाना तर्कसंगत नहीं है। वहीं मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं होने के चलते अधिकाशं मरीजों को नारनौल के नागरिक अस्पताल में रेफर करना पड़ता है। भूतपूर्व विकास संघ के जिला अध्यक्ष सूबेदार रामस्वरूप यादव, हवलदार सतबीर, संदीप शास्त्री, डॉ. धर्मवीर यादव पायगा, जगदेव फौजी, ओमप्रकाश फौजी, सूबेदार रामचंद्र, राकेश फौजी, राकेश फौजी, लालचंद फौजी, राव बीरेंद्र, सूबेदार सतबीर, कैलाशचंद व अशोक आदि मौजूद थे।




**महेंद्रगढ़।** झूला झूलतीं बीआर स्कूल की अध्यापिकाएं। फोटो : हरिभूमि

### बीआर स्कूल में हरियाली तीज महोत्सव मनाया


**महेंद्रगढ़।** बीआर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेहलंग में हरियाली तीज महोत्सव पारंपरिक हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर पूरी तरह तीज के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय चेयरमैन हरीश भारद्वाज और प्रधानाचार्या ज्योति भारद्वाज द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लोकगीतों और लोकनृत्य ने सबका मन मोह लिया। इस पावन अवसर पर विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने मेहंदी रचाकर तीज की परंपरा को जीवंत किया। छात्राएं पारंपरिक परिधानों में तीज गीतों पर झूमती रहीं और विद्यालय प्रांगण में झूले भी लगाए गए। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। प्रधानाचार्या ज्योति भारद्वाज ने कहा कि हरियाली तीज जैसे पर्व हमारी संस्कृति की गहराई से जुड़ाव का माध्यम हैं और विद्यार्थियों में सामूहिकता, परंपरा व प्रकृति प्रेम को जागृत करते हैं। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया



**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बहेड़ा में हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका आयोजन संस्था उप प्राचार्य रामकुमार ने किया। उन्होंने बताया कि इसमें कक्षा चौथी, पांचवी, छठी में दीपांशु, रिया ने पहला स्थान वंशिका, नेहा ने दूसरा स्थान व लक्ष्य ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा छठी से आठवीं तक अंतिम, नीतिका ने प्रथम भूमिका ने दूसरा व हेमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं से 12वीं में नीलम,रिया ने प्रथम जागृति नैंसी ने दूसरा साक्षी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में अपनी लिखावट सुधारने का अवसर मिलता है। संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव व प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने सभी विजेता बच्चों को शुभकामना के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### तीज हरियाली प्रेम व समर्पण का त्योहार : पवित्रा राव



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस विद्यालय के प्राइमरी विभाग में हरियाली तीज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को फूलों और बंदनवारों से सजाया गया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधान पहनकर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता और झूला सजावट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने हरियाली तीज के महत्व और सांस्कृतिक विरासत के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हरियाली तीज का त्योहार हरियाली प्ेरम और समर्पण का त्योहार है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की खूब सराहना की तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस मौके पर उप प्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एलएन गौड़, पवन तिवारी, विंग हैड देवेन्द्र पुनिया, जिले सिंह, अमित कुमार, साक्षी मलिक, अनिता अहलावत सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।

## नांगल दर्गु स्कूल ने मनाई हरियाली तीज पर, करवाई गई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल




**नारनौल।** हरियाली तीज मनाते नांगल दर्गु स्कूल के बच्चे व स्टाफ।

पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल दर्गु में हरियाली तीज के महोत्सव पर बच्चों की सांस्कृतिक प्रतियोगिता मेहंदी, राखी,पतंग बनाना व डांस कंपटीशन का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के ड्राइंग अध्यापक हिमांशु राठी ने बताया कि तीज महोत्सव पर विद्यालय में अनेकों प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें मेहंदी, राखी, पतंग, रंगोली जैसी अनेकों प्रतियोगिताएं करवाई गई। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में दो ग्रुप बनाए गए थे जिसमें कक्षा 6 से 8 व 9 से 12 के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस ग्रुप में कक्षा 6 से 8 में मेहंदी प्रतियोगिता में अनीता पुत्री उमेद प्रथम, विदुषी पुत्री विक्की द्वितीय मौसम पुत्री मंगलचंद तृतीय स्थान पर रही। राखी प्रतियोगिता में मुस्कान पुत्री सुरेंद्र प्रथम, मोनिका पुत्री विजय द्वितीय,अंजना पुत्री इंद्राज तृतीय स्थान पर रही। ग्रुप बी में कक्षा 9 से 12 में मेहंदी प्रतियोगिता में नेहा प्रथम,लोचन द्वितीय,साक्षी तृतीय स्थान पर रही। राखी प्रतियोगिता में अर्चना पुत्री गोवर्धन प्रथम, मानवीय पुत्री बलवंत द्वितीय, राशि पुत्री रोशन लाल तृतीय स्थान पर रही। पतंग बनाने की प्रतियोगिता में हिमांशु पुत्र दिनेश,आयुष पुत्र पवन प्रथम रहा।

## शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह अधिनियम, पॉक्सो एक्ट की जानकारी देंगे

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण 15 अगस्त को लगाएगा विशेष जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला महेंद्रगढ़ में विशेष जागरूकता अभियान का संचालन किया जाएगा। पत्र के मुताबिक प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष ने वर्ष 2025 के लिए हरियाणा राज्य में क्रियान्वित की जाने वाली कार्य योजना को स्वीकृति प्रदान की है। इस कार्य योजना में महत्वपूर्ण दिवसों का आयोजन, प्रत्येक माह विशेष अभियान चलाने, नालसा, हालसा योजनाओं सहित विभिन्न विषयों पर कानूनी जागरूकता शिविर आदि शामिल किए गए हैं। इन विषयों पर अभियान संचालित करते हुए जागरुकता कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नारनौल के माध्यम से आयोजित किए जाएंगे। प्राधिकरण के सदस्य सचिव ने राज्य के सभी संबंधित जिलों के साथ-साथ उप-मंडल विधिक सेवा समिति में भी इसे क्रियान्वित करने का अनुरोध किया है। प्राधिकरण द्वारा जारी न्यूनतम कार्य योजना 2025 में प्राप्त निर्देशों के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नारनौल ने 15 अगस्त को विशेष जागरूकता शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है।

न्यूनतम कार्य योजना, 2025 में मौलिक कर्तव्यों और मौलिक अधिकारों के बारे में जागरूकता, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम आदि के बारे में जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नारनौल में उपलब्ध कानूनी सेवाओं के बारे में समुदाय में जागरूकता बढ़ाना तथा यह सुनिश्चित करना कि वे शिकायत दर्ज करें तथा अपने अधिकारों के बारे में निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करें तथा कानूनी हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी जागरूकता बढ़ाना इस अभियान का मुख्य उदेश्य रहेगा। कार्यक्रम में कानूनी सहायता नंबरों एवम नालसा हेल्पलाइन नंबरों के प्रचार पर भी फोकस किया जाएगा।

### यह रहेगा पैनल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 15 अगस्त को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राता कला में सुरेंद्र सिंह सुरेडिया एडवोकेट एवं नीरज कुमार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल चौधरी में धर्मेश जोशी एडवोकेट एवं अशोक कुमार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेहलांग में ममता एडवोकेट एवं मोनिका तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चितलांग में शशि बाला एडवोकेट एवं ललिता कुमारी रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहेंगे।




# विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा।

महेंद्रगढ़–नारनौल विशेषांक



**कारगिल विजय दिवस** स्वतंत्र भारत के सभी देशवा. सियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। 1971 के भारत–पाक युद्ध के बाद भी कई दिन सैन्य संघर्ष होता रहा। इतिहास के मुताबित दोनों देशों द्वारा परमाणु परीक्षण के कारण तनाव और बढ़ गया था। स्थिति को शांत करने के लिए दोनों देशों ने फरवरी 1999 में लाहौर में घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। जिसमें कश्मीर मुद्दे को द्विपक्षीय वार्ता द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से हल करने का वादा किया गया था लेकिन पाकिस्तान ने अपने सैनिकों और अर्ध–सैनिक बलों को छिपाकर नियंत्रण रेखा के पार भेजने लगा और इस घुसपैठ का नाम ष्ऑपरेशन बद्रष रखा था। इसका मुख्य उद्देश्य कश्मीर और लद्दाख के बीच की कड़ी को तोड़ना और भारतीय सेना को सियाचिन ग्लेशियर से हटाना था। पाकिस्तान यह भी मानता है कि इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के तनाव से कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाने में मदद मिलेगी। प्रारम्भ में इसे घुसपैठ मान लिया था और दावा किया गया कि इन्हें कुछ ही दिनों में बाहर कर दिया जाएगा लेकिन नियंत्रण रेखा में खोज के बाद इन घुसपैठियों के नियोजित रणनीति के बारे मे पता चला जिससे भारतीय सेना को एहसास हो गया कि हमले की योजना बहुत बड़े पैमाने पर की गयी है। इसके बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन विजय नाम से 2,00,000 सैनिकों को कारगिल क्षेत्र मे भेजा। यह युद्ध आधिकारिक रूप से 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ। इस युद्ध के दौरान 527 सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया और 1400 के करीब घायल हुए थे।

इस युद्ध में कैप्टन विक्रम बत्रा, ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव, लेफ्टिनेंट मनोज पांडे जैसे कई वीर जवानों ने अपनी जान देश के लिए कुर्बान की। इनकी बहादुरी और बलिदान को याद करने के लिए ही यह दिवस मनाया जाता है।

**कारगिल विजय दिवस** हमें सिखाता है कि देश की रक्षा सबसे बड़ा धर्म है. हमें अपने सैनिकों के त्याग और बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए. हमें उनके संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने देश के लिए हमेशा कुछ अच्छा करने का संकल्प लेना चाहिए. अंत में, मैं सभी वीर शहीदों को श्रद्धांजलिअर्पित करते हैं। यह देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले वीर जवानों को याद करने का दिन है। इससे युवाओं में देशभक्ति और सम्मान की भावना बढ़ती है. यह भारत की सेना की ताकत और साहस का प्रतीक है. यह दिखाता है कि कोई भी दुश्मन हमारी एकता और शक्ति को तोड़ नहीं सकता. **कारगिल विजय दिवस** सिर्फ एक तारीख नहीं है, यह हमारी राष्ट्रभक्ति, एकता और संकल्प का प्रतीक है. यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि भारत कभी झुकता नहीं, और हमारी सेना हर परिस्थिति में देश की रक्षा करने में सक्षम है।

SKLC Since 2008
SHRI KRISHAN LAW COLLEGE
Near T.V. Tower, Amai Road, Kotputli (Jaipur - Raj.) 303108
Email - sklawcollegektp@gmail.com Web. : www.sklawcollege.org
B.C.I. नई दिल्ली एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर विश्व विधालय जयपुर से मान्यता प्राप्त
B.A. LL.B. 5 Year Courses
LL.B. 3 Year Courses
LL.M. 2 Year Courses
P.G. Diploma in Legal & Forensic Science 1 Year Courses
Chairman Ramsingh Yadav M. 8058602726
Director Er. Devesh Yadav M. 9079632124
For Any Query : 9079632124, 9509107316

CLC SIKAR
शिक्षा • संस्कार • सुरक्षा • सफलता
NARNAUL
IIT-JEE | NEET | NDA
FOUNDATION | OLYMPIADS
हर घर CLC
हर दिल CLC
New DROPPER BATCHES for NEET & IIT-JEE are going on.....
Special TEST SERIES for NEET & IIT-JEE
ADMISSION OPEN 2025-26
Transport facility is also available
Fully AC PG facility for Boys
''लक्ष्यस्थली'' Nizampur Road, Near M.A.S.D. School, Narnaul (HR)
TEL.: +91 8505079000 +91 8570962888




श्रीमति हस्ती देवी जन कल्याणार्थ समिति महेंद्रगढ द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्य।

- इलाके में पौधारोपण करके वातावरण को हरा–भरा बनाना
- गरीब परिवारों की बेटियों की शादी करवाना।
- बेसहारा बच्चों को शिक्षा दिलवाना।
- समय–समय पर ब्लड कैंप लगवाकर लोगों की जिंदगी बचाना।
- निशुल्क नेत्र व अन्य रोगों के निदान शिविर लगवाना।
- सामाजिक कुरूतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करना।



विजयी विश्व तिरंगा प्यारा.....
झण्डा ऊँचा रहे हमारा....
सौजन्य से





श्रीमती हस्ती देवी जन कल्याणार्थ समिति, महेन्द्रगढ़
डॉ. पवित्रा राव
- चेयरपर्सन, आरपीएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन्स
अध्यक्ष – श्रीमती हस्ती देवी जन कल्याणार्थ समिति, महेंद्रगढ़

